देव सूर्य मंदिर के विकास-सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने वीसी से किया लोकार्पण और उद्घाटन

तरारी (भोजपुर)। मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के अधीन भोजपुर जिलांतर्गत तरारी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव सूर्य मंदिर परिसर में कराए गए विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर भोजपुर जिले से जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक, तरार विशाल प्रशांत, सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा देव सूर्य मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की योजना क्रियान्वित की गई है। इस योजना के तहत कुल 14.78 करोड़ की स्वीकृत राशि से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजना के प्रमुख कार्यों में सामुदायिक भवन (जी+1) का निर्माण, मंदिर परिसर की चहार दीवारी, तालाब में सीढ़ियों का निर्माण, तालाब के चारों ओर पाथवे का निर्माण एवं रेड सैंड स्टोन लगाने, मंदिर परिसर में पाथवे निर्माण एवं पौधारोपण तथा मुख्य पथ के समीप मुख्य द्वार का निर्माण शामिल है।

देव सूर्य मंदिर का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। उपलब्ध ऐतिहासिक विवरण के अनुसार, मंदिर का निर्माण द्वापर युग के राजा वरुण तथा चौथी से छठी शताब्दी के बीच गुप्त वंश के शासनकाल से संबंधित बताया जाता है।

मंदिर परिसर में काले पत्थरों एवं बलुआ पत्थरों से निर्मित भगवान सूर्य की छोटी-बड़ी 12 मूर्तियों सहित लगभग 100 मूर्तियां विद्यमान हैं, जिनमें कुछ खंडित तथा कुछ अच्छी अवस्था में हैं द्य इस विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के पूर्ण होने से देव सूर्य मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, क्षेत्र में धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा भोजपुर जिले की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान मिलेगी।

छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने किया खरना

आरा (भोजपुर)। लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना किया।

छठ व्रतधारियो ने शनिवार की शाम स्नान किया। उसके बाद पीला वस्त्र धारण कर भगवान भास्कर को स्मरण कर प्रणाम किया। तत्पश्चात शुद्ध गेहूं के आटे से बनी रोटी, चावल, दूध एवं गुड़ से निर्मित खीर का प्रसाद बनाया। प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात चंद्रमा को नमन करने की परंपरा है। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया।

खरना का प्रसाद आसपास के लोगों के बीच वितरित किया गया। कुछ लोगों ने व्रतधारियों के घर जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को छठ व्रतधारी, नदी, तालाब, पोखर, नहर, कुआं एवं घर की छत पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

डीएम-एसपी ने बेलाउर सूर्य मंदिर छठ घाट का किया निरीक्षण

आरा (भोजपुर) । आगामी छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं विधि- व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोहड़ के दिन जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से बेलाउर सूर्य मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने छठ घाट पर साफ- सफाई, चेंजिंगरूम, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, कंट्रोल रूम अग्निशमन व्यवस्था, विधि- व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं।जिलाधिकारी ने घाट पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया द्य इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा श्री मौनी बाबा सूर्य मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों एवं स्थानीय आमजनों से भी संवाद किया गया। उन्होंने उनके सुझावों एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर आरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उपाधीक्षक यातायात, जिला मत्स्य प्रसार पदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदवंतनगर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फलों का वितरण

सहार (भोजपुर)। लोक आस्था, श्रद्धा एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर संघर्ष सेवा समिति की ओर से सहार एवं खैरा बाजार में छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फलों का वितरण किया गया। इस दौरान समिति की ओर से व्रतियों को कलसूप, नारियल एवं विभिन्न प्रकार के फल उपलब्ध कराए गए।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पूरे श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित की। समिति की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। समिति का उद्देश्य जरूरतमंद व्रतियों की सहायता करने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग एवं आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना है मौके पर समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार चांद ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर फल एवं पूजन सामग्री वितरण जैसे सामाजिक कार्य समाज के सभी लोगों के सहयोग से ही सफल होते हैं। ऐसे आयोजन से समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना मजबूत होती है इस कार्यक्रम में नवीन कुमार, सुजीत कुमार, मुन्ना पांडेय, सुधीर पांडेय, अक्षय राय, सुरेंद्र सिंह, रौशन सिंह, पंकज सिंह, अंकुश कुमार, ओमनारायण सिंह, गोरख कुमार, चितरंजन सिंह, मुकेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



धरहरा मठिया में नवनिर्मित पक्के छठ घाट का महापौर इंदु देवी ने किया उद्घाटन

आरा (भोजपुर)। आरा नगर निगम की महापौर श्रीमती इंदु देवी ने शनिवार को वार्ड संख्या-35 स्थित धरहरा मठिया में नवनिर्मित पक्के छठ घाट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस घाट के निर्माण से स्थानीय छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को अपने ही क्षेत्र में छठ पूजा करने की बेहतर सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर महापौर इंदु देवी ने कहा कि पहले छठ घाट की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र के व्रतियों को पूजा-अर्चना के लिए दूर जाना पड़ता था। अब नवनिर्मित घाट से उनकी वर्षों पुरानी परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधा और जनहित के विकास कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है।

महापौर ने सभी नगरवासियों को लोक आस्था के महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि श्रद्धालु स्वच्छता एवं सावधानी के साथ पर्व मनाएं तथा घाटों पर सुरक्षा नियमों का पालन करें।

उद्घाटन समारोह में वार्ड-35 की पार्षद श्रीमती उषा देवी, पार्षद प्रतिनिधि अरुण कुमार उर्फ टुनटुन महतो, वार्ड-6 के पार्षद प्रतिनिधि मुन्नू सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह-संयोजक सह मेयर प्रतिनिधि आलोक अंजन उर्फ छोटे जी, महेश पासवान, विनोद ठाकुर, ऋषिकेश कुमार, महेश कुमार, लखन देव कुमार, प्रमिला देवी, मोहिनी कुमारी, ज्योति कुमारी, मालती देवी, सुषमा देवी, केशव कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवनिर्मित छठ घाट से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस जनहितकारी पहल के लिए महापौर एवं नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।



समाहरणालय, अररिया

(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

अल्पकालीन निविदा संख्या– 01/2026

बिहार सरकार

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित वस्त्र वितरण कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2026–27) के तहत जिले के अपंग, भूमिहीन, निर्धन एवं भिक्षुकों के बीच वितरण हेतु ऊनी कम्बल क्रय किया जाना है। ऊनी कम्बल की न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई 8 फीट x 5 फीट तथा न्यूनतम वजन 2.4 कि0ग्रा0 का होना चाहिए। अतः सरकार, अर्द्ध सरकारी अथवा प्राईवेट प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्त्ताओं से कम्बल की आपूर्ति हेतु मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 26.11.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाहण तक आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहर बन्द लिफाफे में प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिनांक **26.11.2026 को 03.00 बजे** अपराहन में निविदा समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता–सह–जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि (एक व्यक्ति के द्वारा किसी भी एक एजेन्सी का ही प्रतिनिधित्व किया जायेगा, एक से अधिक एजेन्सी के प्रतिनिधित्व की स्थिति में उनके द्वारा दिये गये सभी निविदा को रदद कर दिया जायेगा) को ऊनी कम्बल का एक नमूना के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस निविदा के संबंध में पूरी जानकारी जिले के वेबसाईट **http://araria.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के लिए निम्नांकित शर्तें निर्धारित की जाती हैः–

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015428 (Welfare) 2026-27 **जिला पदाधिकारी, अररिया**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

Office of the Principal

Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi

Govt. of Bihar

Mail ID.- principal@sitsitamarhi.ac.in

NOTICE No. SIT/156/2026-27

NATs APPRENTISHIP VACANCY ANNOUNCEMENT

Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi announces vacancies for National Apprenticeship Training Scheme (NATs) Trainees for 2026-27 session in the following departments:-

Sl. No.	Branch	Qualification	No. of Vacancy	Stipend amount per month (in rs.)	
01	Civil Engg./Mechanical Engg./Electrical Engg./Computer Sc. & Engg.	Diploma	03	10000.00	As per DSTTE Guidelines

Walk-in-Interview
Interested Candidates need to appear in the walk-in-Interview on 27-11-2026 (Friday).
Reporting Time: - 11:00 AM
Venue: - Faculty Lounge, Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi, Gosainpur, Rasulpur-Dumra, Sitamarhi. Contact Person: - Mr. Upendra Kumar (Mob. No 9835577623.

Note:-

1. It is Mandatory for the candidates to have valid NATs-2.0 Student ID.
2. Candidates already undergoing or have Undergone Apprenticeship Training are not eligible to attend this interview.
3. Candidates are supposed to come with their CV. One set of photocopies of all Academic as well as reservation certificate (if applicable) along with valid ID proof and all original documents for verification.
4. Candidates must pass out Diploma in last 05 (five) years.
5. Selected candidate will be paid stipend for one year, as per rule under section 8(1) of the Apprentice's act 1961 as amended in 1973, 1986 and 2014 DSTTE, Patna guideline.
6. The reservation policy is given as per Bihar Govt. rule.
7. There is no provision of TA/DA will be paid for attending the interview. Visit website: - www.sitsitamarhi.ac.in for any kind of further information.

Principal
S.I.T., Sitamarhi

PR- 015395 (Science & Tech.) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

देसी कट्टा के साथ बदमाश गिरफ्तार

आरा (भोजपुर) संदेश थाना पुलिस द्वारा देशी कट्टा के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के पिंजरोई गांव से की गयी। वह संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरोई गांव निवासी स्व. छोटे लाल केसरी का पुत्र बंगाली केसरी है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की पिंजरोई गांव में एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पाकर संदेश थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ जब वहां पहुंचे तो, वह पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तालाशी के दौरान उसके पास एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

मणिपुर और गया के तीन पर्यटकों को बंधक बना कर वसूली रंगदारी, नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

नगर थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ के समीप एक लॉज में बंधक बनाकर रखे गये थे पर्यटक

आरा (भोजपुर)। नगर थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ स्थित एक लॉज में गया और मणिपुर के तीन पर्यटकों को देसी तमंचे के बल पर बंधक बनाकर रंगदारी वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एनजीओ की फॉडिंग के नाम पर बुलाने के बाद हथियार के बल पर पर्यटकों को बंधक बना लिया गया और तीन लाख की रंगदारी की मांग गयी। नहीं देने पर मारपीट की गयी। उस दौरान जबरन बीस हजार रुपए ऑनलाइन वसूल भी लिया गया। हालांकि सूचना मिलने के बाद हरकत में आयी नगर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों पर्यटकों को मुक्त कराया गया।

मौके से एक नाबालिग समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। उनके पास से मैगजीन लोड एक देसी कट्टा, एक कारतूस और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। घटना गुरुवार की रात की है। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर निवासी राजेश सिंह के पुत्र सुजल कुमार, नेहरु नगर निवासी वीर बहादुर यादव के पुत्र अब्बी कुमार, तेजू यादव के पुत्र आशीष कुमार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलिपुर गांव निवासी विनय प्रसाद के पुत्र मनी कुमार और एक किशोर शामिल हैं। सभी द्वारा मणिपुर के सेनापति निवासी डीपी फिलिप, एन मोसरिल और गया के नौवागढ़ी निवासी समीर कुमार को बंधक बनाया गया था। सदर एसडीपीओ वन सुशील कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात करीब दस बजे सूचना मिली कि कुछ अपराधियों द्वारा रंगदारी वसूलने के लिए तीन बाहरी लोगों को सपना सिनेमा मोड़ स्थित एक लॉज में बंधक बना कर रखा गया। तत्काल थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में नगर थाने की पुलिस लॉज पहुंची। तलाशी के दौरान लॉज के एक बंदे कमरे से तीन लोगों को बरामद किया गया। उनसे पूछताछ में पता चला कि तीनों घूमने के लिए आरा आये थे और एक रिजॉर्ट में ठहरे थे। मनी कुमार तीनों को बहला फुसलाकर सपना सिनेमा मोड़ स्थित लॉज ले गया। वहां तीनों को एक कमरे में बंद कर दिया गया और हथियार के बल पर तीन लाख की रंगदारी की मांग की जाने लगी। उस दौरान अपराधियों द्वारा डीपी फिलिप के परिजनों से ऑनलाइन बीस हजार रुपए भी मंगा लिया गया है। उसके बाद बंधक बनाने और रंगदारी वसूलने में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पांचों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महापर्व छठ पर फल का वितरण

जगदीशपुर (भोजपुर)। प्रखंड अंतर्गत बौलीपुर मोड़ समीप स्थित चकवा पंचायत में 150 छठवती उपवासों के बीच पूजा पाठ का सामग्री वितरण चर्चित जाने-माने नीरज कुमार ईश्वर सिंह के टोला निवासी ने वितरण किया छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्राकृतिक स्वच्छता और अटूट आस्था का महापर्व है चार दिनों तक चलने वाला या कठिन व्रत हमें स्वयं समर्पण और सूत का पाठ पढ़ाता है इस पर्व की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि इसमें उगते हुए सूरज के साथ-साथ डूबते हुए सूर्य का भी अर्थ दिया जाता है जो जीवन के हर उतनाव चढ़ा को समान भाव से स्वीकार करने का संदेश देता है बिना किसी भेदभाव के एक ही घाट पर खड़े होकर पूजा पाठ करना सामाजिक समस्या और एकता को मजबूत करता है छठ महापर्व हमें प्रकृति के प्रति गीता के रहने और जीवन में सकारात्मक उर्जा बनाए रखने की प्रेरणा देता है हालांकि श्री नीरज कुमार ने समाजसेवी के साथ एक अनूठी मिसाल देखने को जो कि वर्षों से करते आ रहे हैं उनके साथ चल रहे मनोज सिंह सुग्रीव राय प्रेम सागर सोना सिंह उपस्थित रहे

कीटनाशक का सेवन करने से महिला की हालत गंभीर

आरा (भोजपुर)। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में शनिवार की सुबह कीटनाशक का सेवन करने से एक महिला की हालत काफी गंभीर हो गई, उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त महिला नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ला निवासी साक्षी है। इधर, उक्त महिला के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह घर में अंधेरा होने के कारण खांसी की सिरप की जगह गलतफहमी ने उसने फिनाइल की सीसी उठाकर पी ली। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

शाहपुर(भोजपुर) (आससे)। शाहपुर पुलिस ने देशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ एन एच 922 पर फौजी ढाबा के पास से एक टेंपो पर लदा 140 लीटर देशी शराब के साथ सोनू कुमार दूबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह शाहपुर थाना क्षेत्र के गउडाढ गाँव का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस ने उक्त शराब को जप्त कर लिया है।

इंटर कॉलेज खेल मैदान में बन रहा अस्थायी छठ घाट

खेल मैदान में लगभग पांच हजार छठ व्रतियों के बैठने की होगी व्यवस्था, रेलवे लाइन पार करने से भी मिलेगी मुक्ति

बिहिया (भोजपुर)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर पंचायत बिहिया प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जज बाजार स्थित सूर्य मंदिर घाट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ और ओवरब्रिज के कारण बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को हो रही असुविधा को देखते हुए नगर पंचायत ने एक सराहनीय कदम उठाया है। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में राजा बाजार स्थित इंटर कॉलेज के खेल मैदान में युद्धस्तर पर अस्थाई छठ घाट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ?नगर पंचायत अध्यक्ष सचिन कुमार गुप्ता और वार्ड पार्षद सुजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि जज बाजार छठ घाट पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण बुजुर्ग महिला-पुरुषों और छोटे बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसे गंभीरता से लेते हुए इंटर कॉलेज के खेल मैदान के बीचों-बीच मिट्टी भराई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैदान के मध्य भाग में पत्नी डालकर पानी रोकने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही घाट परिसर में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) और रोशनी (लाइट) की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। इस नए अस्थाई घाट के बनने से हाईस्कूल के आसपास के मोहल्लों के साथ-साथ ब्लॉक रोड, सब्जी मंडी, डाक-बंगला चौक और साहेब टोला सहित कई मोहल्लों के श्रद्धालुओं को भगवान सूर्य को अर्घ्य देने में काफी सहूलियत मिलेगी। बिहिया में जज बाजार सूर्य मंदिर पर स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। खासकर ओवरब्रिज बनने के बाद से बुजुर्ग छठ व्रतियों को वहां आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही थी। वर्तमान में बिहिया के जज बाजार और अस्पताल रोड नहर व कटेया नदी के बाद अब इंटर कॉलेज के खेल मैदान के रूप में एक नया विकल्प तैयार किया जा रहा है। इस नए अस्थाई घाट पर लगभग पांच हजार छठ व्रतियों के बैठने की मुकम्मल व्यवस्था की गई है, जिससे व्रतियों को सबसे बड़ी राहत यह मिलेगी कि उन्हें पूजा के दौरान रेलवे लाइन पार नहीं करनी पड़ेगी।

शाहपुर में छठ की तैयारी जोरों पर

शाहपुर(भोजपुर)आससे। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शाहपुर प्रखंड क्षेत्र मे तैयारी जोरों पर है। नहाय-खाय के साथ ही चार दिवसीय महापर्व की शुरुआत हो गई है। व्रतियों के साथ ही पूरा बाजार और गंगा घाट छठमय हो गया है। प्रखंड के विभिन्न घाटों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों और नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा घाटों की सफाई, रास्तों की मरम्मत और प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए घाटों पर बैरिकेडिंग की जा रही है। छठ घाटों पर गोताखोरों की तैनाती की व्यवस्था की गई है। बाजार मे भी छठ की रौनक देखने को मिल रही है। फल, सूप, दउरा, नारियल, गन्ना और पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। केला, सेब, नारंगी और अन्य फलों की कीमत मे थोड़ी तेजी देखी जा रही है। घरों मे छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं। छठ के पारंपरिक गीतों से माहौल गुंजायमान और छठमय हो गया है। कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि को छठव्रतियों ने नहाय-खाय किया। इस अवसर पर छठव्रतियों ने घरों तथा नदी मे नहा धोकर अरवा चावल, चने का दाल, लौकी की सब्जी, तरह-तरह का बजका चटनी आदि बनाकर खाया तथा परिजनों सहित अपने मित्रों एवं नजदीकियों को खिलाया।

नगरांव में छठ पूजा पर नाटक का मंचन

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत नगरांव गांव में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया शारदा देवी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साधु राम ने की, जबकि मंच का संचालन अशोक सिंह ने किया। इस दौरान गांव के स्थानीय कलाकारों ने नाटक के माध्यम से अपनी



प्रतिभा और कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत %दामी दूल्हा% नाटक आकर्षण का केंद्र रहा।नाटक में शामिल कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम के समापन के बाद कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं, नाटक में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

राजा बाजार व जज बाजार में उमड़ी भीड़

बिहिया(भोजपुर)। छठ महापर्व को लेकर बाजारों में उत्साह का माहौल परवान चढ़ने लगा है। शनिवार को राजा बाजार और जज बाजार में फल, कपड़ा, किराना सहित अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। महापर्व के तीसरे दिन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सुबह से ही बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा, जिससे शहर के प्रमुख बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आए। ?छठ महापर्व के मद्देनजर शनिवार को राजा बाजार और जज बाजार के मुख्य बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। हर तरफ व्रतियों और उनके परिजनों की भीड़ पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटी रही।

भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

सूचना सं0–20 वर्ष 2026–2027

(Single Bid System)

बिहार सरकार

Sl. No.	Name of Work.	Estimated cost (In Rs.)	Bid Security 2% (EMD In Rs.)	Cost of Bidding Document (In Rs.)	Bid Processing Fee	Time of Completion (In Month)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Estimate for Renovation of E.W & E.I in Boys Hostel-1(Babu Jagjivan Ram Hostel), G+1 of Dr. Bhimrao Ambedkar Residential+2 High School Raghopur Bakhari, Distt-Sitamarhi.	2130365.00	43000.00	5000.00	As per Online requirement	30 Day

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर भवन निर्माण विभाग।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–10.11.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–26.11.2026 से 10.12.2026 को 15.00बजे अपराहन तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–11.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
5. हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–12.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
6. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–14.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
7. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015385 (BCD) 2026-27 **(बलवीर चन्द्र भारती) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, भवन निर्माण विभाग**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।